"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 36] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 8 सितम्बर 2017—भाद्र 17, शक 1939

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 18 जुलाई 2017

क्रमांक ई-1-1/2017/एफ/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती शहला निगार, भा.प्र.से. (सी.जी. 2001) सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (अतिरिक्त प्रभार कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग) को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदेन सचिव, वित्त विभाग (पेंशन निराकरण समिति के कार्य हेतु) का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2017.

नया रायपुर, दिनांक 24 जुलाई 2017

क्रमांक ई-1-01/2017/1-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा सुश्री नम्रता गांधी, भा.प्र.से. (2013), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कांकेर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, कांकेर के पद पर पदस्थ करता है.

नया रायपुर, दिनांक 26 जुलाई 2017

क्रमांक ई-1-01/2017/1-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री यशवंत कुमार, भा.प्र.से. (2007), पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएँ, संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, संचालक, संपदा तथा संयुक्त सचिव, गृह विभाग को केवल संचालक, संपदा तथा संयुक्त सचिव, गृह विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संयुक्त सचिव, ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 26 जुलाई 2017

क्रमांक ई-1-7-2014/1/2.—राज्य शासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अधिसूचना क्रमांक 154/सीजीएच/2017-पी. एडमिन दिनांक 08-06-2017 के अनुक्रम में श्री सुब्रत साहू भा.प्र.से. (1992) प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग (अतिरिक्त प्रभार प्रमुख सचिव, संसदीय कार्य विभाग) को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के पद पर पदस्थ किया जाता है.

श्री सुब्रत साहू, भा.प्र.से. (1992), को भारत निर्वाचन आयोग की सहमति अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अस्थायी रूप से प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 9 अगस्त 2017

क्रमांक ई-1-21/2016/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारी को आवंटन वर्ष से 04 वर्ष की सेवा, पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 2007 के नियम 3(1) (1) के परन्तुक के अंतर्गत, उनके सम्मुख दर्शित तिथि से सेवा के वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान (पे बैंड-3, रु. 15600-39100 और ग्रेड पे रु. 6600/-) (पुनरीक्षित-Pay Matrix Level-11) में पदोन्नत किया जाकर निम्नानुसार अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम	वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान में नियुक्ति दिनांक	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
1.	सुश्री नम्रता गांधी	24-07-2017	अपर कलेक्टर, कांकेर	अपर कलेक्टर, कांकेर

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2017

क्रमांक ई-1-1/2017/1/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा, श्री सी. के. खेतान, भा.प्र.से. (1987), के केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटकर कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप श्री सी. के. खेतान, भा.प्र.से. (1987), को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त महानिदेशक, छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

श्री सी. के. खेतान, भा.प्र.से. (1987), द्वारा महानिदेशक, छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर के पद पर पदभार ग्रहण करने के दिनांक से श्री एस. के. कुजूर, भा.प्र.से. (1986), अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग एवं योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग तथा महानिदेशक, छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर केवल महानिदेशक, छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे. शेष प्रभार यथावत् रहेगा.

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2017

क्रमांक ई-1-01/2017/एक/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा, श्री सत्य नारायण राठौर, भा.प्र.से., (2008) अपर कलेक्टर, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ करता है.

2/ श्री पदुम सिंह एल्मा, भा.प्र.से. (2010), अपर कलेक्टर, दुर्ग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

3/ श्री सत्यनारायण राठौर द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा के पद को राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-12 के तहत प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 11 अगस्त 2017

क्रमांक ई-2-05/2017/एक/2.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 21-02-2017 द्वारा डॉ. बी. एल. अग्रवाल, भाप्रसे (सी.जी. 1988) को अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969 के नियम 3 के उपनियम (3) के तहत् निलंबित किया गया था.

2. भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश क्रमांक 25013/02/2017-AIS-II, दिनांक 09 अगस्त, 2017 द्वारा श्री बाबू लाल अग्रवाल, भा.प्र.से. (सी.जी.-1988) को अखिल भारतीय सेवाएं (मृत्यु सह सेवानिवृत्ति प्रसुविधाएं) नियम, 1958 के नियम 16(3) के प्रावधानों के तहत् जनहित में सेवानिवृत्त किया गया है.

अत: पेंशन प्रयोजन से डॉ. बी. एल. अग्रवाल, भाप्रसे (सीजी : 1988) को दिनांक 09 अगस्त, 2017 से निलंबन से बहाल किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. सिंह, सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 18 जुलाई 2017

क्रमांक 1281/LV-18-26-2017-May/1-8/स्था..—श्री आर. एक्का, संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिनांक 12-06-2017 से 16-06-2017 तक 05 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री आर. एक्का, आगामी आदेश तक संयुक्त सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री आर. एक्का को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. एक्का अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 18 जुलाई 2017

क्रमांक 1283/LV-18-27-2017-Jun/1-8.—श्री बी. एल. सोनी, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का दिनांक 10-07-2017 से 14-07-2017 तक 05 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री बी. एल. सोनी, आगामी आदेश तक अवर सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री बी. एल. सोनी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमणित किया जाता है कि यदि श्री सोनी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 20 जुलाई 2017

क्रमांक 1285/LV-31-20-2017-Jun/1-8.—श्री अनिल कुमार शर्मा, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग को दिनांक 27-06-2017 से 01-07-2017 तक 05 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अनिल कुमार शर्मा, आगामी आदेश तक अवर सचिव, जल संसाधन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री अनिल कुमार शर्मा को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 22 जुलाई 2017

क्रमांक 1293/LV-19-43-2017-Jun/1-8/स्था.—श्री राजेश सिंगी, विशेष सहायक, माननीय मंत्री, लोक निर्माण विभाग को दिनांक 05-07-2017 से 13-07-2017 तक 09 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री राजेश सिंगी, आगामी आदेश तक विशेष सहायक, के पद पर मान. मंत्री, लोक निर्माण विभाग में पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री राजेश सिंगी को अवकाश वेतन एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंगी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 26 जुलाई 2017

क्रमांक 1299/LV-35-53-2017-Jun/1-8/स्था.—श्री अब्बास खान, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पशुधन विकास विभाग को दिनांक 10-07-2017 से 19-07-2017 तक 10 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अब्बास खान आगामी आदेश आदेश तक अवर सचिव, पशुधन विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री अब्बास खान को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अब्बास खान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 26 जुलाई 2017

क्रमांक 1307/LV-6-19-2017-Jul/1-8/स्था.—श्री एस. एल. नर्रे, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का दिनांक 10-07-2017 से 14-07-2017 तक 05 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री एस. एल. नर्रे, आगामी आदेश तक अवर सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री एस. एल. नर्रे, को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एल. नर्रे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एस. राजपूत, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 18 जुलाई 2017

क्रमांक 6606/970/PS Law/21-ब/छ.ग./2017.—राज्य शासन, एतद्द्वारा अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, जशपुर जिला जशपुर के पद पर नियुक्त श्री रामप्रकाश पाण्डेय, अधिवक्ता, जिला जशपुर (छ.ग.)को शासन की ओर से पैरवी करने के लिए दिनांक 29-05-2016 से तीन वर्ष की कालावधि या 62 वर्ष जो भी पहले हो के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक नियुक्त करता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 02 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये उसी अवधि के लिए उन्हें अतिरिक्त लोक अभियोजक भी नियुक्त करता है. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फसी मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार होता, अतिरिकत सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 5 अगस्त 2017

क्रमांक एफ-2/01/2017/दो-गृह/भापुसे.—भारत सरकार गृह मंत्रालय के आदेश क्र. 30012/01/2016-IPS-II दि. 03-08-2017 द्वारा श्री के. सी. अग्रवाल IPS (CH : 2002) भारतीय पुलिस सेवा के सदस्य को All India Service (DCRB) 1958 के निमय 16 (3) के प्रावधानों के तहत जनहित में सेवानिवृत्त किया गया है.

राज्य शासन एतद्द्वारा उपरोक्त आदेश के परिपालन में श्री के. सी. अग्रवाल IPS (CH : 2002) को भारत सरकार के आदेश के परिपालन में सेवानिवृत्त करता है.

नया रायपुर, दिनांक 5 अगस्त 2017

क्रमांक एफ-2/01/2017/दो-गृह/भापुसे.—भारत सरकार गृह मंत्रालय के आदेश क्र. 30012/01/2016-IPS-II दि. 03-08-2017 द्वारा श्री ए. एम. जूरी, IPS (CH : 2000) भारतीय पुलिस सेवा के सदस्य को All India Service (DCRB) 1958 के निमय 16 (3) के प्रावधानों के तहत जनहित में सेवानिवृत्त किया गया है.

राज्य शासन एतद्द्वारा उपरोक्त आदेश के परिपालन में श्री ए. एम. जूरी, IPS (CH : 2000) को भारत सरकार के आदेश के परिपालन में सेवानिवृत्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण देव गौतम, सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 11 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 07-07/2014/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री पवनदेव, (भापुसे-1992), पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि. पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर को दिनांक 03-07-2017 से दिनांक 14-07-2017 (कुल 12 दिवस) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृति किया जाता है. साथ ही दिनांक 15-07-2017 एवं दिनांक 16-07-2017 के विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री पवनदेव आगामी आदेश तक, पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री पवनदेव को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पवनदेव (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री पवनदेव (भापुसे-1992), पुलिस महानिरीक्षक,अ.अ.वि. के उक्त अवकाश अवधि में पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि. पुलिस मुख्यालय का चालू प्रभार श्री एच. के. राठौर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि. पुलिस मुख्यालय को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 19 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 07-12/2016/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री डी. रविशंकर, (भापुसे-2009), पुलिस अधीक्षक, जिला-कबीरधाम को दिनांक 07-07-2017 से दिनांक 14-07-2017 (कुल 08 दिवस) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृति किया जाता है. साथ ही दिनांक 15-07-2017 एवं दिनांक 16-07-2017 के विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री रविशंकर आगामी आदेश तक, पुलिस अधीक्षक, जिला-कबीरधाम के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री रविशंकर को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. रविशंकर (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 9 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 3-62/2008/गृह-दो/.—छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम, 2007 (क्र. 13 सन् 2007) की धारा 38 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 03 अप्रैल, 2013 द्वारा राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार का गठन किया गया है.

2. अत: उपर्युक्त अधिनियम की धारा 38 की उपधारा (4) के अध्यधीन राज्य शासन एतद्द्वारा राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार में श्री भारत सिंह, (सेवानिवृत्ति पुलिस महानिरीक्षक) को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये सदस्य नियुक्त करता है.

3. शासकीय आवास गृह उपलब्ध नहीं कराया जायेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. के. माथुर, उप सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 07-01/2016/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद् द्वारा श्री बालाजी राव सोमावर (भापुसे-2007), पुलिस महानिरीक्षक, लेखा/कल्याण पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर को दिनांक 21-07-2017 से दिनांक 27-07-2017 (कुल 07 दिवस) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृति किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री बालाजी राव सोमावर आगामी आदेश तक, पुलिस महानिरीक्षक, लेखा/कल्याण पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री बालाजी राव सोमावर को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बालाजी राव सोमावार (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री बालाजी राव सोमावर (भापुसे-2007), पुलिस महानिरीक्षक, लेखा/कल्याण पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर के उक्त अवकाश अवधि में पुलिस महानिरीक्षक, लेखा/कल्याण पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर का चालू प्रभार श्री अभिषेक पाठक, भापुसे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रशासन, पुलिस मुख्यालय को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 07-02/2017/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद् द्वारा श्री एस.आर.पी. कल्लूरी, (भापुसे-1994), पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, रायपुर को दिनांक 24-07-2017 से दिनांक 20-10-2017 (कुल 89 दिवस) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृति किया जाता है. साथ ही दिनांक 23-07-2017, 21-10-2017 एवं दिनांक 22-10-2017 के विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री कल्लूरी आगामी आदेश तक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, रायपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री कल्लूरी को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस.आर.पी. कल्लूरी (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. पी. कौशल, अवर सचिव.

वन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 3 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 1-07/2017/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा 1. विभाग के आदेश क्रमांक/एफ 01-09/2016/10 (भावसे), दिनांक 07-07-2017 द्वारा श्री फुलजोंस टोप्पो, भा.व.से. (2005) संचालक, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, बैकुण्ठपुर को मण्डल प्रबंधक, अंतागढ़ परियोजना मण्डल (प्रतिनियुक्ति पर छ.ग. राज्य वन विकास निगम) के पद पर पदस्थ किया गया है. श्री टोप्पो की उक्त पदस्थापना आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें यथावत् संचालक, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, बैकुण्ठपुर के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया जाता है.

2. श्री अमिताभ बाजपेयी, भा.वे.से. (2007) मण्डल प्रबंधक, कोटा परियोजना, बिलासपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, धमतरी के पद पर पदस्थ किया जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 16 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 1-07/2017/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ए.के. द्विवेदी, भा.व.से. (1984) अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य औषधीय पादप बोर्ड, रायपुर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. टोप्पो, विशेष सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 16 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 20-88/2015/11-6.—भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा, भारत सरकार के मंत्रालयों, विभागों एवं पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों द्वारा उत्पादित और प्रदत्त उत्पादों और सेवाओं के उपापन के संबंध में 01 अप्रैल 2012 से लागू सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिये सार्वजनिक उपापन नीति आदेश 2012 ("Public Procurement Policy 2012 for Micro and Small Enterprises (MSEs) order 2012") के प्रावधानों का राज्य के औद्योगिक विकास एवं राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों तथा स्थापित सहायक उद्योगों के हितवर्धन हेतु राज्य शासन एतद् द्वारा निम्नानुसार प्लांट लेबल कमेटी का गठन किया जाता है :—

1. **प्लांट लेबल कमेटी का स्वरूप—**

1.	अपर मुख्य सचिव/छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	—	अध्यक्ष
2.	उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग, उद्योग संचालनालय	—	सदस्य
3.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि.	—	सदस्य
4.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.)/प्रबंध संचालक, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई	—	सदस्य
5.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.)/प्रबंध संचालक साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, बिलासपुर.	—	सदस्य

6.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.)/प्रबंध संचालक नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन, नगरनार (बस्तर)/बचेली/किरन्दुल.	—	सदस्य
7.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.)/प्रबंध संचालक नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, कोरबा (कोरबा), सीपत (बिलासपुर), लारा (रायगढ़)	—	सदस्य
8.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.)/प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण कंपनी लिमि.	—	सदस्य
9.	संचालक, सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्यम संस्थान, भारत सरकार (राज्य कार्यालय रायपुर).	—	सदस्य
10.	राज्य प्रमुख, नेशनल स्माल इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन	—	सदस्य
11.	अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ अथवा उनके द्वारा नामांकित प्रतिनिधि.	—	सदस्य
12.	छत्तीसगढ़ लघु उद्योग भारतीय अथवा उनके द्वारा नामांकित प्रतिनिधि	—	सदस्य
13.	सार्वजनिक उपक्रमों में आपूर्ति से संबंधित औद्योगिक संघ/सहायक उद्योग संघों के अध्यक्ष.	—	सदस्य
14.	संबंधित सार्वजनिक उपक्रमों के संचालक (सार्वजनिक उपक्रमों में किये जाने वाले क्रय से संबंधित विभाग)	—	सदस्य सचिव

राज्य में स्थापित होने वाले भारत सरकार/राज्य शासन से सार्वजनिक उपक्रम भी समिति के सदस्य होंगे.

2. **समिति का कार्यक्षेत्र :—**

2.1 राज्य के सूक्ष्म एवं लघु तथा स्थापित सहायक उद्योगों का विपणन व भुगतान संरक्षण.

2.2 भारत सरकार की सार्वजनिक उपापन नीति आदेश 2012 के तहत् प्रावधानिक सार्वजनिक उपक्रमों के कुल निविदा मूल्य के न्यूनतम 20% की राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तथा सहायक उद्योगों से आपूर्ति.

2.3 भारत सरकार सार्वजनिक उपापन नीति आदेश 2012 के प्रावधानों का राज्य के औद्योगिक विकास के हित में क्रियान्वयन:—

2.3.1 निविदा में मूल्य कोटेशन.

2.3.2 सूक्ष्म और लघु उद्यम विक्रेताओं का विकास.

2.3.3 सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से आपूर्ति हेतु वार्षिक योजना.

2.3.4 संव्यवहार लागत में कमी.

2.3.5 अनुसूचित जाति/जनजाति के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्योगों के भागीदारी.

2.4 सार्वजनिक उपक्रमवार सूक्ष्म, लघु एवं सहायक उद्योगों की समस्याओं व कठिनाईयों का निराकरण.

3. प्लांट लेवल कमेटी भारत सरकार/राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रमवार होगी. जैसे–भिलाई इस्पात संयंत्र हेतु गठित प्लांट लेबल कमेटी में अन्य सार्वजनिक उपक्रम सदस्य नहीं होंगे.

4. प्लांट लेवल कमेटी की बैठकें सार्वजनिक उपक्रमों के फैक्ट्री स्थलों में होगी, आवश्यकतानुसार ये बैठकें राज्य शासन मंत्रालय में भी की जा सकेगी.

5. प्लांट लेवल कमेटी की बैठकें प्रत्येक 03 माह में होगी.

6. मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा सार्वजनिक उपक्रमों से सबंधित औद्योगिक संघ/सहायक उद्योग संघ, संचालक सार्वजनिक उपक्रम से सतत् संपर्क व समन्वय बनाकर बैठकों का आयोजन करेंगे.

7. राज्य शासन द्वारा समय–समय पर सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं सहायक उद्योगों से क्रय किये गये उत्पादों/सेवाओं की समीक्षा की जावेगी एवं आवश्यकतानुसार राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं सहायक उद्योगों के प्रकरणों को/नीति के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों को भारत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा गठित समिति को संदर्भित भी किया जावेगा.

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 29 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 1-16/2017/11/(6).—बायलर अधिनियम,1923 की धारा 5 (4) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री गुंजन शुक्ला, वरिष्ठ निरीक्षक, वाष्पयंत्र रायपुर को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ रायपुर का प्रभार दिनांक 01-08-2017 से सौंपा जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लीना कोसम, अवर सचिव.

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 जुलाई 2017

क्रमांक एफ 4-24/56/इसूप्रौ/2017/eDistrict.—छत्तीसगढ़ नागरिक सेवा (इलेक्ट्रॉनिक्स अधिशासन) नियम, 2003 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन के आदेश क्रमांक 817/सीए/एसआईटी/2003/चॉइस, रायपुर 19 अगस्त 2003, आदेश क्रमांक 198/अमुस/सूप्रौ/जै.प्रौ./2006/चॉइस, रायपुर 13-07-2006 एवं आदेश क्रमांक 235/स./इले. एवं सूप्रौ./2015/ई-डिस्ट्रिक्ट, रायपुर दिनांक 30-03-2015 द्वारा घोषित अधिसूचित नागरिक सेवाओं के अतिरिक्त निम्नलिखित सेवाएँ एतद् द्वारा अधिसूचित नागरिक सेवाएँ घोषित की जाती है :—

1. **सहकारिता विभाग अंतर्गत**
   कार्यालय पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं, छत्तीसगढ़ अंतर्गत
   - नई फर्म का पंजीकरण.
   - नई सोसायटी का पंजीकरण.

2. **उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत**
   (अ) छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु
   - विद्यार्थियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन.
   - विद्यार्थियों का ऑनलाईन आवेदन.

   (ब) छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में विद्यार्थियों हेतु परीक्षा फार्म का ऑनलाईन आवेदन

3. **नापतौल विभाग अंतर्गत**
   - नवीन निर्माता अनुज्ञप्ति/नवीनीकरण.
   - विक्रेता अनुज्ञप्ति एवं नवीनीकरण.
   - सुधारक अनुज्ञप्ति एवं नवीनीकरण.

4. **स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत**
   - अंकसूची की प्रतिलिपि.
   - स्थानांतरण प्रमाण-पत्र.

5. **तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत**
   - स्थानांतरण प्रमाण-पत्र.
   - चरित्र प्रमाण-पत्र.
   - संस्था स्तर पर ब्रांच परिवर्तन.
   - संस्था स्तर पर सभी प्रकार के रिफंड का छात्रों का भुगतान.
   - संस्था परितर्वन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र

- संस्था स्तर पर सभी प्रकार के रिफंड का छात्रों का भुगतान (नि:शक्तजन)
- स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (नि:शक्तजन).

6. **खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत**
   - संघ/संस्थाओं एवं खिलाड़ियों को नियमों के अंतर्गत आर्थिक सहायता के आवेदनों का निराकरण.

7. **ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत**
   - बुनकर सहकारी समितियों एवं हथकरघा ईकाईयों के वित्तीय प्रस्ताव का निराकरण (संचालनालय एवं जिला स्तर पर).
   - शहतूत पौधारोपण विस्तार अंतर्गत पौधे एवं सहायता राशि के प्रदाय हेतु आवेदन पत्र.
   - परिवार मूलक/मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत अनुदान प्रदाय करना.
   - छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड में संचालित योजनाओं के अंतर्गत.
     - (i) शिल्पकारों हेतु पंजीयन का आवेदन पत्र.
     - (ii) हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्यरत व्यवसायियों का पंजीयन.
     - (iii) स्व-सहायता समूहों/सहकारी समितियों का पंजीयन.
     - (iv) राज्य स्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होने बाबत् आवेदन पत्र.
     - (v) छ.ग.हस्तशिल्प विकास बोर्ड से औजार उपकरण/कर्मशाला निर्माण अनुदान स्वीकृत करवाने हेतु आवेदन पत्र.
     - (vi) शिल्पियों को मासिक आर्थिक सहायता का लाभ दिये जाने हेतु आवेदन पत्र.
     - (vii) जनश्री समूह बीमा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र.
     - (viii) भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर में 04 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक सत्र के लिए शिल्पियों के बच्चों हेतु आवेदन पत्र.

8. **कृषि विभाग अंतर्गत**
   - जिले में उर्वरक व्यवसाय के लिए नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण.
   - जिले में पौध संरक्षण औषधियों के व्यवसाय के लिए अनुज्ञप्ति/नवीनीकरण.
   - कृषि के प्रमाणित लेबल बीजों के व्यवसाय हेतु नवीन अनुज्ञप्ति पत्र जारी करना तथा नवीनीकरण.
   - शक्तिचालित उन्नत कृषि यंत्र वितरण (कृषि/उद्यान संचालनालय).
   - नलकूप योजना (किसान समृद्धि एवं सामान्य नलकूप).
   - प्रमाणित बीजों के व्यवाय हेतु अनुज्ञप्ति पत्र जारी करना तथा नवीनीकरण (उद्यानिकी).

9. **महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत**
   - स्वावलंबन योजना.

10. **जलसंसाधन विभाग अंर्तगत**
    - सिंचाई प्रदाय करने हेतु आवेदन.

11. **पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत**
    - जन्म/मृत्यु पंजीयन (ग्राम पंचायत स्तर पर).
    - विवाह पंजीयन (ग्राम पंचायत स्तर पर).
    - नल कनेक्शन (ग्राम पंचायत स्तर पर).
    - भवन निर्माण/मरम्मत अनुज्ञा (ग्राम पंचायत स्तर पर).
    - स्ट्रीट लाईट (बल्ब एवं ट्यूब लाइट बदलना).
    - आवश्यक सफाई व्यवस्था.

12. **लोक निर्माण विभाग अंतर्गत**
    - बेरोजगार इंजीनियर पंजीयन हेतु.

13. **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत**
    - आयुर्वेद/यूनानी/प्राकृतिक एवं योग स्नातक चिकित्सा व्यवसायियों का पंजीयन.

14. जनशक्ति नियोजन विभाग अंतर्गत

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन.

15. जेल (गृह) विभाग अंतर्गत

- जेल नियमावली के अंतर्गत दण्डित बंदियों से मुलाकात एवं पत्र व्यवहार की सुविधा दिया जाना (केन्द्रीय जिला एवं उप जेल).

16. गृह (पुलिस) विभाग अंतर्गत

- थाने में पंजीबद्ध अपराधों की संख्या की जानकारी.
- सड़क दुर्घटना में मोटर व्हीकल अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना.
- अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रथम सूचना दायर होने पर रहत हेतु प्रकरण प्रस्तुतीकरण.
- प्राकृतिक आपदाओं (जिसमें पुलिस जांच या विवेचना की है) में पीड़ित परिवारों के राहत हेतु तहसीलदार को आवेदन.
- सड़क दुर्घटना में घायलों को तात्कालिक राहत हेतु कार्यवाही
- किसी प्रकार की अप्राकृतिक मृत्यु होने पर मुआवजा राशि के विभिन्न बीमा क्लेम एवं राहत योजनाओं के तहत आवेदन.
- प्रस्तुत शिकायत पर/आवेदन पत्र पर की गयी कार्यवाही की जानकारी हेतु आवेदन पत्र पर कार्यवाही.

17. **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग अंतर्गत**

- नियंत्रण आदेश के तहत व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति की स्वीकृति/नवीनीकरण.
- उचित मूल्य दुकान का आवंटन जिला मुख्यालय एवं उसके अतिरिक्त.

18. **कृषि (मछलीपालन) विभाग अंतर्गत**

- विभागीय जलाशयों से स्वत्व शुल्क आधार पर मत्स्याखेट करने के इच्छुक संस्थाओं समूहों के आवेदन पत्र पर कार्यवाही.
- त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं का तालाब पट्टे के प्रकरण प्रस्तुत करना.
- बीमित मछुवारों की मृत्य/स्थायी अपंगता होने पर उसकी दुर्घटना बीमा राशि का प्रकरण तैयार करना.
- हितग्राहियों के मछली पालन हेतु ऋण प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करना.

19. **वन विभाग अंतर्गत**

- आरामिल अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण/निराकरण.
- विनिर्दिष्ट इमारती लकड़ी के विनिर्माता व्यापारियों/बढ़ई तथा उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रीकरण.
- विनिर्दिष्ट वन उपज के फुटकर विक्रय के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी अथवा निराकरण.

20. **पशुधन कल्याण विभाग अंतर्गत**

- पशु रोग उद्भेदों की सूचना प्राप्ति पर कार्यवाही.

21. **संस्कृति विभाग अंतर्गत**

- अभिलेखों का अवलोकन एवं प्रतिलिपि उपलब्ध कराना.

No. F 4-24/56/E&IT/2017/eDistrict.—In exercise of the powers conferred by rule 5 of the Chhattisgarh Citizen Service (Electronic Governance) Rules, 2003, the folowing services are hereby declared as notified citizen services in addition to the services notified in Order No. 817/CA/SIT/2003/CHOiCE Raipur August 19, 2003, Order No. 198/ACS/IT/BT/2006/CHOiCE Raiput Dated 13-07-2006 and order no. 237/S/E&IT/2015/eDistrict Raipur, dated 30-03-2015.

1. **Services under Cooperative Department**

Office of Registrar, Firms and Societies, Chhattisgarh

- Registration of New Firms.
- Registration of New Societies.

2. **Services under Higher Education Department**

(a) Admission process in Universities/Colleges of Chhattisgarh

- Online registration of students
- Online application of students

(b) Online Examination forms for Students under Universities/Colleges, Chhattisgarh.

3. **Services under Legal Metrology Department**

- New Manufacturer License Renewal.
- New Dealers License Renewal.
- New Maintenance License Renewal.

4. **Services under School Education Department**

- Copy of Mark sheet.
- Transfer Certificate.

5. **Services under Technical Education Department**

- Transfer Certificate.
- Character Certificate.
- Branch changes at the institution level.
- All types of refund at the institution level to the students.
- NOC for change of institution.
- All types of refund at the intitution level for disablad students.
- Transfer certificate for disabled students.

6. **Services under Sports and Youth Welfare Department**

- Applications for Financial Assistance to Associations/Organizations and Sport person under.

7. **Services under Rural industries Department**

- Solution of financial proposals of weavers' co-operative socicties and handloom units (At Directorate and District level).
- Application for the supply of plant and aid amount under Mulberry plantation expansion.
- Providing Subsidy under Family origin/margin money scheme.
- Schemes implemented under Chhattisgarh Handicrafts Development Board
  - (i) Application for registration of artisans.
  - (ii) Registration of businessmen working in the field of handicrafts.
  - (iii) Registration of self-help groups/co-operative socicties.
  - (iv) Application form for participating in State Level Handicrafts Award Competition.
  - (v) Application for sanction of tools/workshop construction grant from Chhattisgarh Handicraft Development Board.
  - (vi) Application for providing monthly financial assistance benefits to artisans.
  - (vii) Application for joining Janshree Group Insurance.
  - (viii) Application for admission of children of craftsmen for the 04-year-old undergraduate program.

8. **Services under Agriculture Department**

- New Registration and Renewal for fortifizer Business in District.
- License/Renewal of Business for Plant Protection Medicines (Pesticides) in District.
- New Registration and Renewal for certified labeled seeds of agriculture.
- Powered Advanced Agricultrural Equipment Distribution (Directorate of Agriculture/Horticulture).
- Tube well plan (Farmer's prosperity and Tube-wells).
- New Registration and Renewal for certified seeds business (Horticulture).

9. **Services under Women and Child Development Department.**

- Swavlamban Yojana

10. **Services under Water Resources Department**

- Application for irrigation/supply of Water.

11. **Services under Panchayat and Rural Development (P & RD) Department**

- Birth/Death Registration (at Gram Panchayat level).
- Marriage registration (at Gram panchayat level).

- Tap connection (at Gram Panchayat level).
- Building/Repair Permission (at Gram Panchayat level).
- Street Light (Bulbs & Tube Lights).
- Necessary cleaning system.

12. **Services under Public Works Department**
    - Registration of unemployed engineers

13. **Services under Health and Family Welfare Department**
    - Registration of Medical Professionals for Ayurvedic/Yunani/Natrual and Yoga.

14. **Services under Manpower Planning Department**
    - Application for admission to Industrial Training Institutions.

15. **Services under Jail (Home) Department**
    - Facility of meeting and correspondance with the convicted prisoecrs (Central, District and Sub Jail level).

16. **Services under Police (Home) Department**
    - Information about the number of registered crimes in police stations.
    - Submit report under the Motor Vehicle Act for Road Accidents.
    - Submit report of the FIR filed under Scheduled Caste/Tribes Torture Prevention Act.
    - Application to Tehsildar for the relief of the afflicted families in natural disasters (which is under police investigation)
    - Action for immediate relief to the injured in road accidents.
    - Application under various insurance claims and compensation amount for any kind of Unnatural Death.
    - Proceeding on the application form for information on action taken on the submitted complaint/ application form.

17. **Services under Food, Civil Supplies & Consumer Protection Department**
    - Acceptance/Renewal of license for trade under control order.
    - Allotment of Fair Price Shops in District Headquarters and others.

18. **Services under Agriculture (Fisheries) Department**
    - Action on the applications of group seeking interest from the department at resorvoirs on the basis of self interest.
    - Submission of pond lease to three-tier Panchayati Raj institutions.
    - To prepare the case of accidental sum insured for death/permanent disablement of insured fisher-men.
    - Submit a loan case for the fishries beneficiary.

19. **Services under forest Department**
    - License of Sawmill Renewal/Resolution
    - Designers of timber manufactures/carpenters and registration of consumers.
    - Approval or resolution of license for retail sale of specified forest produce.

20. **Services under Livestock Welfare Department**
    - Action taken on receipt of information on Animal Disease Disorders.

21. **Services under Department of Culture**
    - Provide an overview and copy of the records.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय शुक्ला, सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 1 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 1-1/2017/16.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ श्रम न्यायिक सेवा (चतुर्थ श्रेणी) भर्ती नियम, 2007 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात :—

संशोधन

उक्त नियमों में :—

1. नियम 6 में, उप नियम (1) में खंड (क) में, शब्द "एवं साक्षात्कार द्वारा" का लोप किया जाये.

2. नियम 11 में, उप-नियम (2) में, खंड (दो) में, शब्द "उनके साक्षात्कार के पश्चात्" के स्थान पर शब्द "कक्षा आठवी की परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर" प्रतिस्थापित किया जाये.

3. अनुसूची-एक, दो एवं तीन के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :—

"अनुसूची-एक
(नियम 5 देखिये)

स.क्र	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पद संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दफ्तरी	16	चतुर्थ श्रेणी	रु. 4750-7440 + ग्रेड वेतन 1400 (दफ्तरी भत्ता रु. 100)
2.	जमादार	03	—तदैव—	रु. 4750-7440 + ग्रेड वेतन 1400
3.	भृत्य	35	—तदैव—	रु. 4750-7440 + ग्रेड वेतन 1300
4.	चौकीदार	16	—तदैव—	रु. 4750-7440 + ग्रेड वेतन 1300

अनुसूची-दो
(नियम 7 देखिये)

स. क्र.	पद का नाम	पद की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों का प्रतिशत		रिमार्क
			सीधी भर्ती	पदोन्नति	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	दफ्तरी	16	-	100%	-
2.	जमादार	03	-	100%	-
3.	भृत्य	35	100%	-	-
4.	चौकीदार	16	100%	-	-

अनुसूची-तीन
(नियम 7 देखिये)

स. क्र.	पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक अर्हता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	भृत्य	18 वर्ष	30 वर्ष	कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये.
2.	चौकीदार	18 वर्ष	30 वर्ष	कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये.

टीप :— ऐसे अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हैं के लिए, उच्चतर आयु सीमा, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार शिथिलनीय होगी."

No. F 1-1/2017/16.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following further amendment in the Chhattisgarh Labour Judiciary Service (Class-IV) Recruitment Rules, 2007, namely :—

AMENDMENT

In the said rules,—

1. In rule 6, in sub-rule (1), in clause (a), the words "by interview" shall be omitted.

2. In rule 11, in sub-rule (2), in clause (ii), for the words "after interviewing them", the words "on the merit basis of marks obtained in Class eighth examination" shall be subsituted.

3. For Schedule-I, II and III, the following shall be substituted, namely :—

"SCHEDULE-I
(See rule 5)

S. No.	Name of post included in the Service	Name of Post	Classification	Scale of pay
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	Daftari	16	Class IV	Rs. 4750-7440+Grade pay 1400 (Daftari Allowance Rs. 100/-)
2.	Jamadar	03	—do—	Rs. 4750-7440+Grade pay 1400
3.	Peon	35	—do—	Rs. 4750-7440+Grade Pay 1300
4.	Choukidar	16	—do—	Rs. 4750-7440+Grade Pay 1300.

SCHEDULE-II
(See rule 7)

S. No.	Name of post	Total number of Post	Percentage of the post to be filled		Remarks
			By direct recuritment	By promotion	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	Daftari	16	-	100%	
2.	Jamadar	03	-	100%	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
3.	Peon	35	100%	-	
4.	Choukidar	16	100%	-	

SCHEDULE-III
(See rule 7)

S. No. (1)	Name of post (2)	Minimum age limit (3)	Maximum age limit (4)	Prescribed Educational qualification (5)
1.	Peon	18 years	30 years	Should have passed Class 8th examination.
2.	Choukidar	18 years	30 years	Should have passed Class 8th examination.

Note :— The upper age limit shall be relaxable for candidates who are bonafide resident of the State of Chhattisgarh, as per the instructions issued by the General Administration Department of the Government, from time to time."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. केरकेट्टा, अवर सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

महासमुंद, दिनांक 27 जुलाई 2017

क्रमांक 654/भू-अर्जन/2017.—भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	नगर/ग्राम (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
महासमुंद	बसना	बुटीपाली	26.260 हेक्ट.	बिलानाला जलाशय योजना से 13 ग्रामों को 1238 हेक्ट. खरीफ फसल के लिए, सिंचाई सुविधा के लिए हेड वर्क निर्माण हेतु भू-अर्जन प्रकरण ग्राम बुटीपाली.

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 10-08-2017 को समय 11.00 बजे से स्थान तहसील कार्यालय सरायपाली में नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण — बिलानाला जलाशय योजना से 13 ग्रामों को खरीफ फसल के लिए सिंचाई हेतु हेड वर्क निर्माण हेतु.
2. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या — 50 परिवार
3. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या — निरंक
4. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या. — निरंक

5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रभावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां.
7.	क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है ?	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. कुल 2441.39 लाख
9.	परियोजना से होने वाला लाभ	—	बिलानाला जलाशय योजना से 13 ग्रामों को 1238 हे. में खरीफ फसल के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय किये जा रहे हैं, इस हेतु कलेक्टर महासमुंद को राशि रु. 51889560.00 धनादेश क्र.-871027, दिनांक 27-02-2017 को जमा कर दिया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति की कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथी/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हिमशिखर गुप्ता, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बस्तर जगदलपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जगदलपुर, दिनांक 3 जुलाई 2017

क्रमांक क/भू-अर्जन/03/अ-82/2011-12.—भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19 (2) के तहत् यह घोषित किया जाता है कि ग्राम कुम्हरावंड तहसील जगदलपुर की निजी भूमि अर्जन से प्रभावित खातेदार/परिवार को निम्नानुसार पुनर्वास लाभ प्राप्त होंगे.

क्रमांक (1)	पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हकदारी के अवयव (2)	क्या उपलब्ध कराया गया है यदि उपलब्ध कराया गया है तो व्यौरा दें. (3)
1.	विस्थापन की दशा में मकान इकाइयों की व्यवस्था	लागू नहीं होता.
2.	भूमि के लिए भूमि	लागू नहीं होता.
3.	विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना	लागू नहीं होता.
4.	वार्षिक या नियोजन का विकल्प	छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश क्रमांक एफ-7-4/सात-1/2015/दिनांक 29-08-2016 में निहित निर्देश/प्रावधान अनुसार भू-अर्जन अधिनियम 2013 की अनुसूची "दो" की कण्डिका-4 का लाभ पात्र प्रभावित खातेदार/परिवार को प्राप्त होगा.

(1)	(2)	(3)
5.	विस्थापित कुटुम्बों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन निर्वाह अनुदान.	लागू नहीं होता.
6.	विस्थापित कुटुबों के लिए परिवहन खर्च	लागू नहीं होता.
7.	पशु बड़ा/छोटी दुकान खर्च	लागू नहीं होता.
8.	कारीगरों छोटे व्यापारियों और कतिपय अन्य को एक बार अनुदान	लागू नहीं होता.
9.	मछली पकड़ने का अधिकार	लागू नहीं होता.
10.	एक बार पुनर्व्यवस्थापन भत्ता	लागू नहीं होता.
11.	स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस	लागू नहीं होता.

